an>

Title: Need to establish a cancer care unit at SSG Hospital in Vadodara.

श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा): सभापति महोदय, आपने मुझे अपने क्षेत्र की बात रखने के लिए समय दिया, इसलिए मैं बहुत−बहुत धन्यवाद करती हूं।

अभी हमारे सांसद महोदय ने कैंसर की बारे में बात की है। कैंसर न केवल हमारे देश में ही, बल्कि पूरे विश्व में स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी चुनौती के रूप में स्थान लिया है। एक आँकलन में आया है कि बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ−साथ नियमित एवं संतुलित रूप से कैंसर संबंधित ट्रीटमेंट और रेडियाथैरेपी की सुविधाओं में भी निरंतर वृद्धि करनी पड़ती है।

मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि गुजरात सरकार के वित्तीय वर्ष 3015−16 के बजट में वडोदरा के एस.एस.जी. अस्पताल में टर्शियरी कैंसर केयर सेंटर स्थापित करने का प्रावधान था। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करती हूं कि मेरे वडोदरा क्षेत्र के एस.एस.जी. अस्पताल में टर्शियरी कैंसर केयर सेंटर की स्थापना की जाए। धन्यवाद।

माननीय सभापति :

श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री देवजी एम. पटेल को श्रीमती रंजनबेन भट्ट द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।